तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 30 मार्च 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 माताएं बच्चों की प्रथम शिक्षक


13 एक रजिस्ट्री में लगा रहा एक घंटा उमस से उबल रहे ....


## खबर संक्षेप



### सट्टापट्टी के साथ युवक गिरफ्तार

**देवकर।** नगर पंचायत देवकर के बस स्टैंड के पास में सट्टा-पट्टी लिखते हुए एक व्यक्ति को देवकर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने बस स्टैण्ड से शिवकुमार लहरे को पकड़ा। आरोपी पुराना बस स्टैण्ड फल दुकान के पीछे खड़ा होकर खुलेआम सट्टा-पट्टी लिख रहा था। आरोपी के पास से कुल 1210 रुपया एवं सट्टा-पट्टी जब्त कर कार्यवाही किया गया है।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**बालोद/निकुम।** अंडा थाना क्षेत्र के बाजार चौक निकुम निवासी टिकेश्वर यादव 22 वर्ष ने अपनी मां की पुरानी साड़ी से अपने कच्चे मकान के म्यार में फांसी लगाकर आत्हत्या कर लिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं मौके पर पहुचे अंडा पुलिस के एसआई दिनेश वर्मा ने बताया मृतक टिकेश्वर यादव अविवाहित है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है, वहीं शव पीएम के लिए भेज दिया है।

### भाजपा कार्यालय में आज बैठक

**बालोद।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव तैयारियों को लेकर आज दोपहर 12 बजे से जिला भाजपा कार्यालय बालोद में कांकेर लोकसभा के अंतर्गत बालोद, गुण्डरदेही एवं डोंडी लोहारा विधानसभा के जनजाति मोर्चा का बैठक रखा गया है। उक्त बैठक को मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम मार्गदर्शन करेंगे।

### सलौनी-गुरेदा में आज फाग स्पर्धा

**अंडा।** ग्राम सलौनी और गुरेदा में आज और कल फाग प्रतियोगिता का आयोजन जय मां शीतला फाग मंडली एवं ग्रामवासी सलोनी की सहयोग से आयोजित है। शुभारंभ में मुख्य अतिथि नीतीश मोंटी यादव जिला पंचायत सदस्य, अनिल सोनी जनपद सदस्य गुण्डरदेही, श्रीमति मीना ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत तिलखैरी, राजेश कुमार साहू उपसरपंच, केदार देशमुख पंच सलोनी, लेवन देशमुख पंच सलोनी, कमल किशोर चौधरी, अर्जुन सिंह देशमुख, जामवंत देशमुख, पूर्व सरपंच जनक देशमुख आदि रहेंगे। दूसरे दिन समापन समारोह में मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, सरपंच ग्राम पंचायत तिलखैरी मीना ठाकुर, गिरवर निषाद पंच सलोनी, गंगा प्रसाद देशमुख, पूरन निषाद पूर्व सरपंच, दसरू राम देशमुख पूर्व सरपंच आदि रहेंगे।

### बैठक : एसपी साहू ने ली जिले के पुलिस अधिकारियों समीक्षा बैठक

# सूचना तंत्र करें मजबूत, अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर बरतें सख्ती : एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा चुनाव व जिले में मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग के साथ अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने सहित विभिन्न अपराध से संबंधित विषयों पर एसपी रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुक्रवार जिले के पुलिस अधिकारियों एवं रीडर की बैठक लेकर कानून व्यवस्था व अपराधों की समीक्षा की।

- अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा पर बरतें सख्ती

#### ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी कौशिल्या साहू, स्टेनो अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, कंट्रोल रूम प्रभारी सउनि जहीर खान, डीसीबी/ डीसीआरबी प्रभारी सउनि दिलीप सिंह एवं एसडीओपी/ डीएसपी रीडर प्रधान आरक्षक महेंद्र शर्मा, गोविंद सिंह, सखाराम टंडन, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

#### सोशल मीडिया पर रखें निगाह

एसपी श्री साहू ने अवैध कार्यों में लिप्त अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने पर जोर दिया। वहीं उन्होंने सोशल मीडिया पर सतत निगाह रखने, ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड, साइबर क्राईम, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के संबंध में आम जनता को जागरूक करने, ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करने, शिकायत/समस्या को लेकर आये महिला आगंतुक रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया।

#### लंबित न रखें मामले

इसके साथ ही लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतो का शीघ्र निकाल करने, धारा 107, 116 (3), 109, 110 जा.फौ. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, पेंशनदारान, 173 (8) के तहत आबकारी एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी एवं 299 के फरार आरोपियों को भी तस्दीक करने आदेशित किए। एसपी साहू ने बैठक में यह भी कहा कि हर थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में मुखबीरी, सूत्रों को मजबूत बनाये रखे ओर अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर सख्त कार्यवाही हो ताकि अपराधों की रोकथाम की जा सके। न्यायालय द्वारा जारी समंस वारंटो की तामीली शतप्रतिशत किए जाने पर बल दिया। उन्होंने लोक सभा चुनाव के मतदान केंद्रों की सुरक्षा एवं संचार व्यवस्था पर प्रत्येक मतदान केन्द्रों की संपूर्ण व्यवस्था की जानकारी लें, कमी होने पर संबंधितों को अवगत कराकर दुरूस्त कराया जाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।

# रामनवमी शोभायात्रा के लिए नांदघाट में शिवसेना की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रामनवमी शोभायात्रा निकलने को लेकर छत्तीसगढ़ शिवसेना की बैठक जिला प्रमुख दाऊ राम चौहान की मौजूदगी में नांदघाट विश्राम गृह में संपन्न हुई ।

- राजधानी रायपुर में 20 अप्रैल को निकाली जाएगी

बैठक में श्री चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में रायपुर राजधानी में 40 वर्षो से शिवसेना द्वारा रामनवमी शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से विठ्ठल मंदिर से लेकर फूल चौक, सदर रोड, गोल बाजार, आजाद चौक, तत्यापारा राम सागरपारा, जय स्तंभ से चौक से लेकर पूरे शहर में झांकियों व बाजे गाजे के साथ निकाली जा रही है। इस वर्ष भी 20 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी। राज्य के सभी जिले से हजारों की संख्या में शिव सैनिक व आम जनता 20 अप्रैल को शामिल होकर धूमधाम से मनाएंगे। उन्होंने ने बताया कि बेरला, देवकर, थान खमरिया, मारो , संबलपुर, दाढ़ी, नवागढ़, नांदघाट व बेमेतरा नगर एवं जिले से सैकड़ों की संख्या में रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को लेकर नांदघाट विश्राम गृह में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला महासचिव शीतल दास मानिकपुरी, नवागढ़ विधानसभा प्रमुख श्याम लाल सेन, वाश दास मानिकपुरी, प्रहलाद, धनीराम, शिवकुमार, खोब राम, रामलाल सेन, राजू यादव, हितेंद्र कुमार साहू, राम चरन वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। उन्होंने बेमेतरा जिले के सभी शिव सैनिक एवं आमजन से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की।

# निषाद राज के बिना भगवान श्रीराम की कहानी अधूरी : साहू



हरिभूमि न्यूज बेमेतरा/बेरला

बेरला नगर में केंवट, धीवर समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होली मिलन समारोह में सांसद विजय बघेल शामिल हुए। वहीं अध्यक्षता विधायक दीपेश साहू ने किया।

- बेरला में केवट, धीवर समाज के संयुक्त तत्वावधान में हुआ होली मिलन समारोह

भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद पारकर द्वारा लिखित केंवट कुंदरा पुस्तक का विमोचन अतिथियों के हाथों किया गया। इसके बाद रंगी-बिरंगी फूलों की वर्षा कर एक-दूसरे पर पुष्प बरसाकर होली मनाया और एक-दूसरे को रंगों के महापर्व होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान फाग गीत और नागाड़े की धुन में कार्यक्रम मे उपस्थित लोग जमकर थिरकते नजर आए।

#### केन्द्र में फिर से मोदी सरकार बनाना है

विधायक दीपेश साहू ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब, मजदूर, किसान, युवाओं, बेरोजगार महिलाओं के लिए सब कुछ किया है। सबके लिए अनेकों प्रकार के योजनाए संचालित किया जा रहा है। जिससे सबका साथ सबका विकास की ओर हमारा देश अग्रसर हो रहा है। अब हमारी बारी है हमें भी लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के 11 से 11 लोकसभा सीट में सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाकर एक बार फिर 400 लोकसभा सीट संकल्प के साथ केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है।

#### गिले-शिकवे मिटाने का पर्व : साहू

विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते कहा कि होली का पर्व पुराने गिले-शिकवे मिटाने व प्रेम से गले मिलकर रहने की सीख देता है। उन्होंने सभी लोगों को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारे और प्रेम का सन्देश देता है। रंगों की इस महापर्व को हम सबको मिलजुलकर एक साथ मानना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि जहां श्री राम का नाम आता है वहां निषादराज का नाम आता है। उन्होंने कहा कि जैसे निषादराज ने भगवान को सरयू पार कराया वैसे ही निषाद समाज ने मुझे विधानसभा चुनाव रुपी नदी पार कराई है।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में भुनेश्वरी पोषण वर्मा सभापति जिला पंचायत, राहुल टिकरिहा सभापति जिला पंचायत, दिलीप निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज, विजय सिन्हा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, राजू देवांगन, पुष्पा टंकेश जिला पंचायत सदस्य,संध्या परगनिया महासमुंद सह संयोजक, ललिता साहू महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, मधु राय भाजपा नेत्री एवं जिला निषाद समाज के पदाधिकारी पूर्व जिला अध्यक्ष टिकुराम निषाद, पूर्व जिला अध्यक्ष रामावतार निषाद, वर्तमान जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार निषाद, संगठन सचिव रेवाराम निषाद, ज्ञान प्रसाद निषाद, बाबूराम निषाद, नरेंद्र निषाद, प्रांतीय संगठन सचिव अशोक निषाद, अशोक निषाद, बिमलेश निषाद एवं समस्त निषाद समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

### प्रेस-पुलिस के नाम पर धौंस देने वालों की होगी जांच

**लाटाबोड़।** दोपहिया-चार पहिया वाहनों में प्रेस और पुलिस लिखकर नियम-कायदों को ताक पर रखने वालों से न केवल पुलिस बल्कि अब नागरिक भी परेशान होने लगे हैं। इन स्वयंभू पत्रकारों से इस पेशे में वर्षों से सेवा देने वाले मीडियाकर्मी भी एक तरह से बदनाम हो रहे हैं। अपराधिक गतिविधियों में शामिल लोग भी इस पैंतरे को आजमा रहे हैं। वहीं पुलिस अब ऐसे प्रकरणों की जांच कर कार्यवाही की बात कर रही है। इन दिनों शहर में दर्जनों फर्जी पत्रकार है, इतने ही सोसल मीडिया के साइड, यूट्यूब पर फर्जी न्यूज चैनल चलाने वाले स्वयं घोषित संपादक हैं। शासन व प्रशासन के आला अधिकारी भी सोशल मीडिया के फर्जी पत्रकारों को बुलाकर बड़े बड़े इंटरव्यू देकर शहर में खुब वाहवाही लूटते हैं।

#### कक्षा नवमीं से लेकर बारहवीं तक केंद्र सरकार हर माह देगी 1000 हजार रुपए

# बेरला विकासखंड से एनएमएमएसई परीक्षा में हुए 60 प्रतिभागी सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में विकासखंड के विभिन्न माध्यमिक विद्यालय के 60 बच्चों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को केंद्र शासन के माध्यम से 1000 रुपए प्रतिमाह कक्षा नवमीं से लेकर 12वीं तक प्राप्त होंगे। परीक्षा में कक्षा आठवीं के बच्चे शामिल होते हैं।

प्रतिभागी के सफल होने पर उन्हें केंद्र शासन के माध्यम से छात्रवृत्ति प्रदान होती है। इस दिशा में विकासखंड बेरला द्वारा लगातार प्रयास करते हुए सर्वप्रथम पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करते हुए चरणबद्ध तरीके से प्लानिंग करते हुए एक ग्रुप का निर्माण किया गया। ग्रुप का निर्माण करने के पश्चात लगातार बच्चों को उसे ग्रुप में जोड़ते हुए और साथ ही साथ संबंधित पालकों को भी जोड़ते हुए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में निपुण शिक्षक सुरेंद्र पटेल, कैवरा सेन, ओम प्रकाश साहू, प्रकाश साहू के माध्यम से लगातार प्रश्न प्रेषित किए जाते थे। साथ ही साथ उसका फीडबैक भी लिया जाता था। जिसका अंतिम परिणाम यह हुआ कि विकासखंड के लगभग 60 बच्चों का चयन उक्त परीक्षा में हुआ जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। इस परीक्षा को सफल होने के पश्चात इन होनहार बच्चों को कक्षा नवमीं से लेकर 12वीं तक के 1000 रुपए के छात्रवृत्ति प्राप्त होती रहेगी। जिसका एक अच्छा प्रतिफल विद्यालय और बच्चों को प्राप्त होता रहेगा।

उन्हें आगे चलकर पढ़ाई में किसी भी प्रकार की कोई बाधाएं उत्पन्न नहीं होगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी करमाकर, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी ठाकुर, उईके एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक खोमलाल साहू तथा साथ ही साथ सुरेंद्र पटेल के विशेष मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

# पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में अपराध पर अंकुश लगाने व आमजनों को पुलिस से जोड़ने के साथ-साथ समस्याओं के निराकरण के लिए थाना/चौकी प्रभारियों एवं स्टाफ अंचल के हॉट, बाजार में "हमर पुलिस हमर बजार" अभियान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश में चलाया जा रहा है।

- नगपुरा बाजार में आए ग्रामीणों के लिए लगाई चौपाल
- सायबर अपराधों के प्रति किया सजग

इसी क्रम में गुरुवार को एएसपीज्योति सिंह, एसडीओपी मनोज तिर्की, एसडीओपी तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ स्टाफ ने ग्राम नगपुरा के बाजार में आसपास के ग्रामीण अंचल से आये आमजनों की चौपाल लगाकर उन्हें जागरूक किया। इस दौरान पुलिस ने ग्रामवासियों को नशा से होने वाली हानियां बताई। यातायात नियमों से अवगत कराते हुए हेलमेट लगाने पर जोर दिया। साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक खाता नंबर, एटीएम कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नंबर, पिन नंबर ओटीपी, पासवर्ड न बताएं। ग्रामवासियों को किसी के प्रलोभन में न आकर निर्भीकता से मतदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर मातहतों को दी आवश्यक जानकारी

# कलेक्टर ने अनिवार्य सेवा के नोडल अफसरों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने गुरुवार शाम लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत अधिसूचित अनिवार्य सेवाओं के नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दिव्या पोटाई अनिवार्य सेवाएं डाक मत पत्र के लिए बनाए गए विभागीय नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

श्री शर्मा ने इस दौरान जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी और भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। बैठक में जिला स्तर पर नोडल अधिकारीयों को फॉर्म 12घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा दी जाएगी है। ऐसे सभी कर्मियों को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को अपना आवेदन जमा करना होगा।

श्री शर्मा ने बताया कि राज्य में लोकसभा चुनाव तीन चरणों में हो रहा है। संसदीय क्षेत्र दुर्ग क्रमांक 7 का चुनाव अंतिम चरण में होगा। जिसमें आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 17 अप्रैल को है। अधिसूचना 12 अप्रैल को जारी होगी। प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नंबर, वोटर आईडी नंबर और मतदाता सूची में भाग संख्या और सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करनी होगी।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं डाक मतपत्र नोडल दिव्या पोटाई ने जानकारी दी कि नियत समयावधि तक प्राप्त सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी की ओर से निर्धारित किए गए लगातार 3 दिनों तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर की स्थापना की सूचना से निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा ताकि वे मतदान की कार्यवाही के दौरान स्वयं और अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहकर इसका अवलोकन कर सकें। इसके साथ ही सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। प्रत्येक दिवस मतदान उपरान्त पोस्टल वोटिंग सेंटर से प्राप्त सभी डाक मतपत्रों को ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम में रख कर मतपेटी को सील किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर चार गायों की मौत

**बालोद।** एक ओर जहां नगर पालिका प्रशासन सड़क पर बैठे घुमंतू गौवंश को गौठान में सुरक्षित ले जाने का दावा कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर एक ही दिन में सड़क दुर्घटना में सड़क पर बैठे चार गायों की मौत हो गई। गायों की मौत के बाद गौ रक्षक की टीम ने मृत गायों का अंतिम संस्कार किया। गौ रक्षक अजय यादव ने बताया कि शहर के गंजपारा, शिवनाथ काम्प्लेक्स सहित एक अन्य जगह पर तेज रफ्तार गाड़ियों ने सड़क किनारे बैठे घुमंतू गायों को ठोकर मारते हुए भाग निकले। इसकी सूचना मिलते ही गौ रक्षक की टीम मौके पर पहुंच कर मृत गायों का अंतिम संस्कार किया, वहीं घायल गायों का इलाज कराया गया। ज्ञात हो कि बीते दिनों ही नगर पालिका प्रशासन ने सड़क पर बैठे घुमंतू गायों को खदेड़ कर गौठान में सुरक्षित रखने का अभियान चलाया था।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### तिल्दा स्ट्रांगरूम और मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने धरसींवा और बलौदाबाजार विधानसभा अंतर्गत तिल्दा क्षेत्र में सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय में बनाए गए स्ट्रांगरूम के साथ ग्राम चिचोली में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में दिव्यांजनों के लिए रैंप, बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसडीएम प्रकाश टंडन ने बताया कि धरसींवा विधानसभा में 249 और बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 110 मतदान केंद्र हैं। इस अवसर पर तिल्दा तहसीलदार ज्योति मशियारे, जनपद सीईओ विवेक गोस्वामी भी उपस्थित थे।

### गृहमंत्री पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

**रायपुर।** कांग्रेस ने गृहमंत्री विजय शर्मा पर आचार संहिता उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से इसकी शिकायत की है। कांग्रेस विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ. देवा देवांगन ने बताया कि गृहमंत्री विजय शर्मा की ओर से होली मिलन समारोह के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा और लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के नागरिकों से खुलेआम ज्ञापन लेना आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। शिकायत पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### चुनाव में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा

**रायपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारी-कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 3 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारी-कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### आचार संहिता में 25 करोड़ के कैश और सामान जब्त

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से अब तक 25 करोड़ 8 लाख रुपए की अवैध धनराशि तथा वस्तुएं जब्त की गई है। सीईओ कार्यालय के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान 28 मार्च तक 5 करोड़ 28 लाख रुपए की नकद धनराशि जब्त की गई हैं। इस दौरान 17311 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 41 लाख रुपए है। सघन जाँच अभियान के दौरान एक करोड़ 48 लाख रुपए कीमत के 784 किलोग्राम मादक पदार्थ तथा 94 लाख रुपए कीमत के 23 किलोग्राम कीमती आभूषण भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त 16 लाख 96 हजार रुपए कीमत की अन्य सामग्री भी जब्त की गई हैं।

# चुनाव होने तक सभी सांसद विधायक लिपिक विहीन, सभी की वापसी का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव पूरा होने तक यानी जब तक आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी तब तक छत्तीसगढ़ के सभी सांसदों और विधायकों को अपने दफ्तर के काम के लिए लिपिक नहीं मिलेंगे। दरअसल भारत निर्वाचन आयोग ने सांसदों और विधायकों को दी गई यह सुविधा वापस लेने का आदेश दिया है। इसके बाद राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने भी इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।


**सभी लिपिकों की मूल विभाग में वापसी**

राज्य सरकार के इस आदेश के बाद प्रदेश के सभी 11 सांसदों और 90 विधायकों को मिली लिपिकीय सुविधा चुनाव पूरे होने तक नहीं मिलेगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी आदेश में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गई है। कलेक्टरों से कहा गया है कि वे सांसदों एवं विधायकों को दी गई लिपिकीय सुविधा तत्काल वापस लें। इसके साथ ही संबंधित कर्मियों को उनके मूल कार्यालय में कार्यभार कराएं। यही नहीं, इस आदेश का पालन प्रतिवेदन भी सामान्य प्रशासन विभाग को भेजने के लिए कहा गया है।

## सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने दिए निर्देश

### सभी मंत्रियों की सरकारी गाड़ी वापस

इधर आचार संहिता के प्रभावशील होने के बाद राज्य के सभी मंत्रियों को सरकार द्वारा दिए गए सरकारी वाहन वापस ले लिए गए। ये वाहन सरकार के स्टेट गैरेज में जमा किए गए हैं। इसके साथ ही कई अन्य प्रतिबंध लागू हो गए। चुनावों की तारीख का ऐलान होने और आचार संहिता लागू होते ही कोई भी नेता या अधिकारी सार्वजनिक उद्घाटन या शिलान्यास नहीं कर सकता। इसके साथ ही नए कामों की स्वीकृति भी नहीं दी जा सकेगी। जिन क्षेत्रों में आचार संहिता लागू होगी, वहां सरकार की उपलब्धियों के होर्डिंग्स नहीं लगेंगे। राजधानी रायपुर सहित अन्य जिलों के शहरों से लेकर गांवों तक चुनाव प्रचार के पोस्टर, होर्डिंग्स आदि हटा दिए गए हैं।



### अब नहीं होंगे सरकारी दौरा

आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में शासकीय दौरे नहीं होंगे। सरकारी वाहनों में सायरन नहीं लगाए जाएंगे। सरकारी भवनों में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री और राजनीतिक हस्तियों के फोटो लगाने पर रोक रहेगी। कोई भी व्यक्ति या नेता सरकार की उपलब्धियों वाले विज्ञापन प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और दूसरे मीडिया में नहीं दे सकेगा। इस दौरान आम लोग भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करने समय सावधानी बरतनी होगी।

### कांग्रेसमुक्त भारत के सपने को कांग्रेस के लोग अपने कृत्यों से पूरा कर रहे

# किरण देवे बोले- इस्तीफों का सिलसिला कांग्रेस के प्रति मोह भंग का परिचायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि न केवल जनता का, अपितु कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भी कांग्रेस से पूरी तरह मोहभंग हो गया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के प्रति कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी जबर्दस्त आक्रोश था। बस्तर में महापौर ने अपने सहयोगी पार्षदों के साथ भाजपा में प्रवेश किया, बिलासपुर में नगर पालिका अध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ आमरण अनशन कर रहे हैं, सरगुजा क्षेत्र में हजारों कार्यकर्ता कांग्रेस से इस्तीफा देने तैयार बैठे हैं और राजनांदगांव में भूपेश बघेल को कार्यकर्ता सम्मेलन के मंच से विरोध का सामना करना पड़ा।

श्री देव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांग्रेसमुक्त भारत के सपने को कांग्रेस के लोग अपने कृत्यों से पूरा कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता तो अपने लोगों को ही नहीं संभाल पा रहे हैं, अब कांग्रेसी नेता अपने कार्यकर्ताओं को जवाब देने लायक भी नहीं बचे हैं। श्री देव ने कहा, कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं को अब घुटन महसूस होने लगी है। कांग्रेस के पार्टी के पास न तो नीति है, न नियम है और न ही नेता हैं। सरगुजा संभाग में बड़ी संख्या में लोग भाजपा में आ रहे हैं तो वहीं बस्तर में हजारों की संख्या में लोग कांग्रेस को छोड़कर विकास की मुख्यधारा से ही जुड़ने के लिए भाजपा से जुड़े रहे हैं और भाजपा पर अपना विश्वास व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि भाजपा हमेशा विकास की राजनीति करती है। छत्तीसगढ़ में अपने पिछले पांच वर्षों के शासनकाल में कांग्रेस ने ऐसा एक भी कार्य नहीं किया है जिससे जनता जनार्दन को लाभ मिले। केवल घोषणा-पर-घोषणा ही करने में लगी रही कांग्रेस की पिछली प्रदेश सरकार ने उन घोषणाओं को अपने पूरे कार्यकाल में पूरा नहीं किया।

## केदार गुप्ता बोले- कांग्रेस के प्रत्याशियों में दम नहीं, भाजपा जीतेगी सभी सीटें



*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के लिए सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए घोषित कांग्रेस उम्मीदवारों को लेकर कांग्रेस के खस्ताहाल पर तीखा कटाक्ष कर कहा, भाजपा शुरू से यह कहती रही है कि कांग्रेस का कोई नेता लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है और उन्हें हार का भय सता रहा है। उनका कहना है, कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची दरअसल कांग्रेस की करारी हार का घोषणापत्र है। कुल मिलाकर कांग्रेस के प्रत्याशियों में दम नहीं है, भाजपा सभी सीटें जीतेगी। श्री गुप्ता ने कहा, प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की जो सूची ले-देकर अब तय हुई है, उसमें भी विधानसभा के लड़े हुए प्रत्याशियों की भरमार है। कांग्रेसे ने ऐसे प्रत्याशियों पर दांव खेला है जिनके कारण विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की भूपेश सरकार धराशायी हो गई, ऐसे नेताओं को फिर लोकसभा चुनाव में खड़ा किया गया है। श्री गुप्ता ने कहा, भाजपा जो कहती थी, वह सच साबित हुआ कि कांग्रेस पार्टी में जबर्दस्त अंतर्कलह है, असंतोष है, कांग्रेस पार्टी कई फाड़ों में बंट चुकी है और कोई नेता लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। अब देखिए, वही नेता फिर से रिपीट हो रहे हैं चाहे देवेंद्र यादव हों, चाहे भूपेश बघेल हों, चाहे कवासी लखमा हों या फिर चाहे ताम्रध्वज साहू हों। निश्चित रूप से कांग्रेस का हाल बेहाल है और भाजपा प्रदेश की सभी 11 सीटों पर जीतेगी।*

# लोकसभा चुनाव के बाद मोदी के अन्याय काल का होगा अंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



■ पीसीसी अध्यक्ष बैज ने भाजपा और मोदी से पूछा 5 सवाल

प्रधानमंत्री मोदी 'अमृत काल' की बात करते हैं, लेकिन हकीकत में उनका शासनकाल 'मौत काल' साबित हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 2023 के एनसीआरबी के इन आंकड़ों को देखने से तो यह बात साबित भी होती है। मोदी राज में बीते एक साल में देश के 1 लाख 71 हजार लोगों ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव के बाद अब इस अन्याय काल का अंत निकट है। देश के लोग इस सरकार को उखाड़ कर फेंकने के लिए तैयार हैं। उसके बाद कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पांच न्याय की गारंटी के माध्यम से देश और लोगों के हालात को बदलेगी। एनसीबीआर के आंकड़े में हर दिन 500 लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। हर रोज 30 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। हर घंटे तीन गृहणियां महंगाई से तंग आकर अपनी जिंदगी समाप्त कर रही हैं, कुल 25309 गृहणियों ने आत्महत्या की है। आत्महत्या करने वालों में सबसे अधिक 35 फीसदी युवा हैं।

### खतरनाक स्तर पर बेरोजगारी

*बैज ने कहा, लोगों के बीच फैली इस हताशा और निराशा के कारण बिल्कुल स्पष्ट है, प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में बेरोजगारी ने 45 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। सीएमआईई के ताजा आंकड़े के मुताबिक, आज देश में युवा बेरोज़गारी दर 44.49 फीसदी के खतरनाक स्तर को पार कर चुकी है। उन्होंने मोदी और भाजपा से सवाल किया कि कुल बेरोजगारों में 83 प्रतिशत युवा क्यों हैं? कॉरपोरेट का 16 लाख करोड़ माफ हो गया, लेकिन हमारे किसान कर्ज से आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? किसानों की आय दोगुनी कब होगी? उनको एमएसपी कब मिलेगी? देश के पदों और संसाधनों में हमारे दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक और गरीब सवर्णों की उचित भागीदारी क्यों नहीं है? महंगाई आज चरम पर क्यों है? महिलाओं के साथ अत्याचार क्यों बढ़ रहे हैं? महिलाओं पर अत्याचार करने वाले अपराधियों को संरक्षण देना कब बंद होगा?*

## छग से हनी बनाए गए राष्ट्रीय सचिव

**रायपुर।** एनएसयूआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बड़ा बदलाव किया गया है। लोकसभा चुनाव से पहले एनएसयूआई द्वारा देशभर में 8 महासचिवों तथा 21 सचिवों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ के हनी बग्गा को सचिव पद पर नियुक्त किया गया है।



■ एनएसयूआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बदलाव

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा गुरुवार को यह आदेश जारी किया गया। महासचिव और सचिव पद पर विभिन्न राज्यों से एनएसयूआई पदाधिकारियों का चयन किया गया है। लोकसभा चुनाव से पूर्व हुई ये नियुक्तियां अहम मानी जा रही हैं। नियुक्ति पश्चात लोकसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार संबंधित जिम्मेदारियां भी पदाधिकारियों को सौपी जाएगी। छत्तीसगढ़ से सूची में केवल एक ही नाम है।

### छात्रहित के लिए करेंगे संघर्ष

वे वर्तमान में 2 वर्षों से राष्ट्रीय संयोजक के रूप में काम कर रहे थे। नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा ने कहा, लगातार 12 वर्षों से छात्रहित के लिए एनएसयूआई संघर्ष कर रही है। आगे भी इस दिशा में कार्य करते हुए छात्रहित के लिए कार्य करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को धन्यवाद देते हुए आने वाले समय में छात्र संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी ईमानदारी के साथ प्रयास करने की बात कही। वे 2012 में प्रगति कॉलेज के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद 2014 से कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय में छात्रसंघ के प्रभारी के रूप में कई वर्षों तक कार्यरत रहे।

## पुरैना उपकेन्द्र में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर वृत्त-1 रायपुर अंतर्गत पुरैना उपकेंद्र में 5 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा के हाथों किया गया। इस मौके पर एसई 8 एमवीए पॉवर जेमर चार्जिंग सफलतापूर्वक किया गया। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा के साथ कार्यपालन यंत्री वीके तिवारी, आशीष अग्निहोत्री, विनय चंद्राकर, पीके सिंग, अरुण वर्मा, एके न्यूडिंग एवं सहायक यंत्री धनंजय वर्मा, लोकेंद्र पटेल, विशाल बाजपेयी, उत्तम साहू, प्रवीण वर्मा, प्रदीप मिश्रा सहित अन्य तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की प्राथमिकता में युवाओं का रोजगार

### हर जिले में बनेगा 5 हजार करोड़ का कोष : सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, आज देश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। कांग्रेस इस बात को महसूस करती है कि देश का विकास तभी तेज गति से संभव है, जब देश की युवा शक्ति का भरपूर उपयोग हो। हर हाथ में काम हो, कोई युवा बेरोजगार न हो, इसी उद्देश्य को लेकर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह वायदा किया है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस की सरकार देश में रोजगार सृजन और नौकरी की सुरक्षा प्रदान की जायेगी। इसके लिए 5 चरणों में युवा न्याय की घोषणा की है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस गारंटी देती है कि प्रकाशित रोजगार कैलेंडर के अनुसार, केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरियां पैदा करेगी। केंद्रीय विभागों में 10 लाख स्वीकृत पद खाली हैं। कांग्रेस की केंद्र सरकार इनमें भर्तियां करेगी। 25 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक डिप्लोमा धारक या कॉलेज स्नातक को निजी या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में एक साल की प्रशिक्षुता प्रदान करने प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम की गारंटी देती है। कांग्रेस हर जिले में 5,000 करोड़ का कोष बनाएगी, जिसका आवंटन, देश के सभी जिलों में पांच साल की अवधि के लिए होगा। 40 वर्ष से कम आयु के युवा किसी भी क्षेत्र में अपने व्यावसायिक उद्यमों के लिए स्टार्ट-अप फंडिंग का लाभ उठा सकते हैं। हर साल गिग इकॉनमी में रोजगार ढूंढ़ने वाले लाखों युवाओं के लिए बेहतर कामकाजी स्थिति और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस कानून लाने की गारंटी देती है।

## भाजपा सरकार में बंद हो रही जनकल्याणकारी योजनाएं

■ राशन के अधिकार से जनता को वंचित करने का षड्यंत्र : वर्मा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने साय सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, मोदी की गारंटी और साय का सुशासन केवल विज्ञापन, नारों और जुमलों तक ही सीमित है। असलियत यह है कि एक के बाद एक जनहितैषी और लोक कल्याणकारी योजनाएं साय सरकार में दम तोड़ रही हैं। जिन योजनाओं का बजट प्रावधान पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने किया था, उनमें भी हितग्राहियों को दुर्भावना पूर्वक लाभ से वंचित कर दिया गया। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार आते ही आम जनता के हक और अधिकार छीने जा रहे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित और लोककल्याणकारी योजनाएं दुर्भावनापूर्वक बंद की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भत्ता अघोषित रूप से बंद है। किसानों को खरीफ सीजन 2022- 23 का राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लंबित चौथी किस्त का पैसा भी विष्णुदेव सरकार ने हड़प लिया है और अब राशन के अधिकार से भी छत्तीसगढ़ की जनता को वंचित करने का षड्यंत्र भाजपा की विष्णुदेव सरकार ने रचा है। राशन दुकानों में एपीएल कार्डधारियों को एक दाना शक्कर नहीं मिल रही है। कहीं-कहीं पर बीपीएल कार्ड धारी को प्रति राशन कार्ड केवल 1 किलो शक्कर दी जा रही है। पीडीएस की सरकारी साइट पर भी छत्तीसगढ़ के 13771 उपभोक्ता दुकानों में से मात्र 42 परसेंट 5746 दुकान ही वर्तमान में संचालित हैं अर्थात 58 प्रतिशत राशन दुकान नान एक्टिव हैं। इसके चलते छत्तीसगढ़ की अधिसंख्यक आबादी को राशन दुकान से चावल, शक्कर, नमक और चना लेने से षडयंत्र पूर्वक वंचित किया जा रहा है। गुड़, चना, शक्कर और मिट्टी तेल तो छत्तीसगढ़ की राशन दुकानों से पूरी तरह गायब है।

### किसी का केवाईसी नहीं तो किसी का रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदला

# जिले में 6 लाख कार्ड धारक, नवीनीकरण के लिए 5 लाख आवेदन, 1 लाख ने अब तक नहीं किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नया राशन कार्ड बनाने के लिए रायपुर जिले में 6 लाख 2 हजार कार्ड धारकों की तुलना में लगभग 5 लाख कार्ड धारक नवीनीकरण कराने के लिए आवेदन कर चुके हैं, जिनके दस्तावेजों का सत्यापन भी हो चुका है। नवीनीकरण के बाद कार्ड धारकों का नया राशन कार्ड बनना है, लेकिन जिले में करीब 1 लाख कार्ड धारक ऐसे भी हैं, जिन्होंने अब तक नवीनीकरण के लिए आवेदन ही नहीं किया है। इन लोगों के आवेदन नहीं करने के कई कारण बताए जा रहे हैं। किसी का केवाईसी नहीं हो पाया है, किसी का रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल गया है, तो किसी की मृत्यु हो चुकी तथा कोई शहर एवं राज्य से बाहर रहता है। खाद्य विभाग के अधिकारी तो यह भी बताते है कि कई कार्ड धारक तो नवीनीकरण की तारीख आगे भी बढ़ेगी यह सोचकर आवेदन नहीं कर रहे हैं।

### आवेदन नहीं कर रहे लोग

जिले में 5 लाख कार्ड धारकों का नवीनीकरण हो चुका है। शेष लगभग एक लाख कार्ड धारकों ने आवेदन ही नहीं किया है। तारीख और बढ़ेगी यह सोचकर भी कई लोग अभी आवेदन नहीं कर रहे हैं। आवेदन करने पर ही कार्ड का नवीनीकरण होगा।

- अरविंद दुबे
जिला खाद्य नियंत्रक

### आवेदन करने में ग्रामीण क्षेत्र पीछे

*नवीनीकरण के लिए आवेदन करने में शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र ज्यादा पीछे है। जिले के शहरी क्षेत्र में 2 लाख 75 हजार से ज्यादा कार्ड धारक आवेदन किए है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 2 लाख 27 हजार के करीब आवेदन किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कम आवेदन होने का एक बड़ा कारण नेटवर्क की समस्या भी है। शहरी की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की ज्यादा समस्या बनी रहती है। नवीनीकरण का काम ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके कारण ग्रामीण क्षेत्र में नेटवर्क के कारण लोगों को नवीनीकरण कराने में भी समस्या आ रही है।*

# दूसरे चरण की अधिसूचना जारी कांकेर में सात ने खरीदा नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ पहले दिन किसी अभ्यर्थी ने नहीं भरा नामांकन पत्र

लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी करने के साथ नामांकन शुरू हो गया। दूसरे चरण में महासमुंद, कांकेर और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए अभ्यार्थी नामांकन दाखिल कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। पहले दिन इन तीन लोकसभा क्षेत्र के लिए एक भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। कांकेर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर सहित 7 ने नामांकन फार्म खरीदा। दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल को होगी। नाम वापस की अंतिम तिथि 8 अप्रैल है। द्वितीय चरण के लिए मतदान तिथि 26 अप्रैल है।




### बस्तर लोकसभा में 11 अभ्यर्थियों के नामांकन वैध

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए बस्तर लोकसभा से कुल 11 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। यहां से कुल 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद अब यहां से 11 अभ्यर्थी शेष हैं। प्रथम चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च है। यहां 19 अप्रैल को मतदान होगा।

# सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, बनो देश के भाग्य विधाता के लग रहे नारे

## मतदाताओं को प्रोत्साहित करने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी लोकसभा चुनाव के पहले मतदाताओं को जागरूक करने जिला निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जागरूकता रैली निकालकर इस अभियान से जुडने लोगों से अपील की जा रही है।

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर एडीएम अरविन्द्र एक्का एवं नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता द्वारा निगम अधिकारी व कर्मचारियां सहित लोगों को हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये ये शपथ लेते हैं कि, हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे की शपथ दिलाई गई। इसी कड़ी में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता आरके पालिया, जितेंद्र समैया, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के अलावा समस्त निगम अधिकारी कर्मचारियों ने रैली के दौरान कर्मियों ने अपने हाथों में तख्ती पकड़े हुए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लिखे हुए थे।

### इस तरह लग रहे जागरुकता के नारे

मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, बनो देश के भाग्य विधाता। अब जागों प्यारे मतदाता। जन-जन की पुकार हैं। वोट देना हमारा अधिकार है। वोट डालने जाना हैं का उद्घोष किया। जिसके तहत निगम सीमा क्षेत्र में पैदल रैली का आयोजन किया गया। निगम कार्यालय से गांधी प्रतिमा से होते हुए न्यू बस स्टैंड होकर चर्च के सामने से रविशंकर स्टेडियम में रैली पहुंची। जहां वाहनों को एकत्र कर स्वीप अक्षर का आकार देकर वाहनों से बनाया गया।




### दिलाई गई मतदाताओं को शपथ

आकृति आकर्षण का केंद्र रहा। मतदाता जागरूकता के लिए इसी कड़ी में दुर्ग निगम में मतदाता जागरूकता के लिए विशाल पैदल रैली निकाली गई। शहर की प्रमुख सड़कों से निकली रैली का उद्देश्य आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया गया। मतदान के प्रति अपनी आस्था रखते हुए मताधिकार का निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण उपयोग करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत अपने मताधिकार का निश्चिंत रूप से उपयोग करने एवं हर वर्ग के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई गई।

## खबर संक्षेप

### समन्वय स्थापित करने नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए समस्त प्रवर्तन एजेंसियों से समुचित समन्वय स्थापित करने एवं आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों में विधिवत अग्रिम कार्यवाही करने हेतु समन्वय स्थापित करने नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री देवेश ध्रुव (आई.ए.एस.) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार नोडल अधिकारी के कार्यों के संपादन हेतु हिमांशु देशमुख कार्यपालन अभियंता, सिद्धार्थ साहू उप अभियंता एवं बालकृष्ण नायडू सहायक राजस्व अधिकारी की ड्यूटी सहायक के रूप में लगाई गई है। आदेशानुसार उक्त अधिकारी कर्मचारी नोडल अधिकारी देवेश ध्रुव (आईएएस) आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के निर्देशानुसार कार्य संपादित करेंगे। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### डाकमत पत्र के लिए बैठक संपन्न

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई चरोदा एवं नोडल अधिकारी डाक मत पत्र श्री दशरथ सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आज निर्वाचन कार्यालय में लोकसभा निर्वाचन 2024 अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवाओं के मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने 7 विभागों से नियुक्त नोडल अधिकारियों को डाक मत पत्र के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर कोषालय अधिकारी श्री सीबी साहू, रेलवे ट्रांसपोर्ट सेवा, जनसंपर्क कार्यालय, विद्युत विभाग, बीएसएनएल, पोस्ट ऑफिस, स्वास्थ्य विभाग डॉ. सीबीएस बंजारे एवं खाद्य विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

### शिकायतों के निराकरण हेतु समिति गठित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान जप्त की गई नकदी इत्यादि को अवमुक्त करने के लिए तथा इस संबंध में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु समिति गठित की गई है। समिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, नोडल अधिकारी ईईएम, सहायक नोडल अधिकारी ईईएम और वरिष्ठ कोषालय अधिकारी शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार समिति, पुलिस अथवा स्थैतिक निगरानी दल या उड़नदस्ता द्वारा की गई जप्ती के प्रत्येक मामले की अपनी ओर से जांच करेगी। समिति द्वारा यह पाया जाता है कि मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार जप्ती के संबंध में कोई प्राथमिकी/शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जप्ती किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान इत्यादि से जुड़ी हुई नहीं है तो वह ऐसे व्यक्तियों को जिनसे नकदी जप्त की गई थी। ऐसी नकदी रिलीज के बारे में स्पीकिंग आदेश जारी करने के पश्चात रिलीज आदेश करने के लिए तत्काल कदम उठायेगी। समिति सभी मामलों का अवलोकन करेगी तथा जप्ती पर निर्णय लेंगी।

## जिला पंजीयक कार्यालय में उमड़ रही भीड़, रेलमपेल की स्थिति

# एक रजिस्ट्री में लगा रहा एक घंटा उमस से उबल रहे क्रेता और विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंजीयक कार्यालय में एनजीडीआरएस प्रणाली जब से लागू हुआ हैं तब से आय दिन तकनीकि खामियां खडी हो रही है। वित्तिय वर्ष के अंतिम समय में भी इस तरह की समस्या समाने आ रही है। एक रजिस्ट्री के लिए एक घंटा लग रहा है। जिला पंजीयक कार्यालय में 39 डिग्री की गर्मी में क्रेता और विक्रेता उबलने को मजबूर है। रजिस्ट्री कराने पक्षकारो को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

उल्लेखनीय है कि, वित्तिय वर्ष के 31 मार्च के बाद कलेक्टर गाइड लाइन में परिवर्तन हो जाएगा। जिसके चलते रोजाना जिला पंजीयक कार्यालय में बडी संख्या में पक्षकार रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे है। लेकिन नई साफ्टवेयर के चलते दोनो पक्षों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। जिला पंजीयक कार्यलय में उमस भरी गर्मी से लोग हालाकान हो रहे है। जिला पंजीयक कार्यालय में रोजाना भीड उमडने लगी है। रजिस्ट्री की प्रक्रिया देर रात तक चल रही है। जिला पंजीयक पुष्पलता ध्रुवे ने बताया कि, इस साल 360 करोड रूपए का सालाना टारगेट दिया गया था। जिसकी पूर्ति 23 मार्च को ही पूरा कर लिया गया था। वही इसके बाद की रजिस्ट्री से जिला पंजीयक कार्यालय का खजाना छलकने लगा है।

**एसी में बैठे अफसर और गर्मी में उबल रहे क्रेता और विक्रेता**





### लगातार होती रहेगी रजिस्ट्रियां

जानकारी अनुसार अन्य जिलो में रविवार 31 मार्च 2024 को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के अंतिम दिवस को जिला कोषालय कार्यालय सहित सभी उप कोषालय कार्यालय एवं भारतीय बैंक शाखा व सभी वरिष्ठ उप पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालयों को खुला रखने के निर्देश दिए हैं। लेकिन दुर्ग में अब तक जिला प्रशासन द्वारा कोई निर्देश जारी नही किया गया है। जिला पंजीयक की माने तो 31 मार्च तक अवकाश के दिनों में भी रजिस्ट्री होगी और दफ्तर खुला रहेगा। अन्य जिलो में आगामी रविवार को रात्रि 10 बजे तक कार्यालय खुला रखने कहा गया है।

### जिला पंजीयक कार्यालय में पीने का पानी नहीं

जिला पंजीयक कार्यालय में इन दिनों रजिस्ट्री के लिए रोजाना सैकडों की संख्या में पक्षकार पहुंच रहे है। लेकिन उनके बैठने और पानी की व्यवस्था भी नही कराई गई है। हाल ही में दफ्तर के सामने नया भवन बनाया गया है। लेकिन खिडकी आदि की व्यवस्था नही होने से यहां उमस से पक्षकार हालाकान हो गए है। ग्रामीण से आए पक्षकारों ने बताया कि, वे सुबह से आए है लेकिन उनक टोकन नंबर शाम पांच बजे तक नही लगा।

### अब तक नई गाइडलाइन का पता नहीं

हर साल एक अप्रैल से नया कलेक्टर गाइड लाइन लागू हो जाता है। लेकिन इस बार अब तक राज्य शासन द्वारा नया गाइडलाइन जारी नही किया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि, पुरानी दर पर ही जमीन की रजिस्ट्रियां होती रहेगी। वही कलेक्टर गाइड लाइन में तीस फीसदी छूट का नियम भी आगामी दिनों तक लागू रहेगा।

## नेशनल योगासन में 12 राज्यों से आए 300 से ज्यादा प्रतिभागी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

एशियाई व राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन से मान्यता प्राप्त संस्था छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ एवं योग लंगर समिति के तत्वाधान में चौथी सब जूनियर जूनियर एंड सीनियर गर्ल्स एंड बॉयज नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आगाज 28 मार्च को सेक्टर 6 भिलाई बीएसपी स्कूल में हुआ।

■ तीन दिवसीय शिविर में बताया जाएगा महत्व

कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं ने योग के महत्व को बताया और बच्चों में इस भावनाओं को लेकर आगे बढ़ाने कहा। मुख्य अतिथि नरेंद्र बंछोर, (अध्यक्ष ओ ए सेल भिलाई) ने कहा कि, जो बच्चे योग कर रहे हैं। वह आजीवन स्वस्थ रहेंगे, भारतीय सनातन परंपरा में योग का बहुत महत्व है। नियमित योग करने के बहुत फायदे हैं, योग को जीवन में उतारना होगा। प्रेम निरंजन खेल संघ के अरुण पंडा ने कहा कि, यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि फेडरेशन ने हमें आयोजन का मौका दिया। उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑफिसर्स एवं योग लंगर समिति के अशोक माहेश्वरी का धन्यवाद दिया। एनवाईएसएफ के योग शिरोमणि गोपाल ने कहा कि, योग में महारत हासिल करने वालों के लिए अब सरकार वो सारे अवार्ड देगी, जो अन्य खेलों में देती है। सरकार ने अब योग से जुड़े प्रशिक्षक एवं अन्य के लिए पद्मश्री तक के पुरस्कार के लिए भी रास्ते खोल दिए हैं।

### अन्य राज्यों से आए प्रतिभागी

कार्यक्रम में असम के प्रतिभागियों ने एक अभूतपूर्व प्रदर्शन कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। अध्यक्षता राधे गोविंद बाजपेई ने किया। उक्त मौके पर डॉक्टर संजीव शुक्ला (रुंगटा ग्रुप), हर्ष मंत्री, योग शिरोमणि गोपाल, रमेश लोहान, डीके शर्मा, शशीकांत जैन, नलिन नाथ नेशनल योग स्पोर्ट्स फेडरेशन से उपस्थित रहे। वहीं अन्य गणमान्य नरेंद्र नाथ वैदिक धनाद संस्थान, योग गुरु अशोक महेश्वरी, केशव बंछोर रिसाली निगम सभापति, अरुण पंडा, कमलेश मित्र, पार्षद संजू नेताम प्रवीण कुमार चोपड़ा आदि उपस्थित थे। मंच संचालन रीना पाटिल, मंजू चंदेल ने किया।

## मृतक के परिजनों को मिली 16 लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोपली थाना उतई तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी भुनेश्वरी सपहा की विगत 04 मार्च 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम उमदा, तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्री डोमनदास भारती की विगत 14 नवम्बर 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। संगम चौक वार्ड क्र. 10 जामुल तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग निवासी श्री अजय सेन की विगत 06 जनवरी 2023 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। वार्ड नं. 15 बजरंग नगर उतई तहसील व जिला दुर्ग निवासी श्री अमन कश्यप की 13 अप्रैल 2023 को नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. भुनेश्वरी सपहा की माता श्रीमती कचरी बाई को, स्व. डोमनदास भारती की पत्नि श्रीमती गहना भारती को, स्व. अजय सेन के पिता श्री शिव कुमार सेन को एवं स्व. अमन कश्यप के पिता श्री रमेश कुमार कश्यप को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## केंवट समाज का अपूर्णीय योगदान और महत्व है: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केवट धीवर समाज द्वारा होली मिलन समारोह बेरला में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग रहे। इस सामाजिक और फूलों की होली मिलन समारोह में दूर-दूर से समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए समाज के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल का भव्य स्वागत किया।

■ केंवट धीवर समाज ने खेली फूलो की होली

सांसद श्री बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि केवट समाज का भारत देश में बहुत महत्व है। दुनिया में सब की नैया पार करने वाले भगवान श्री राम है और केवट समाज के गुहा निषाद महाराज ने भगवान श्री राम को गंगा जी से पार लगाया था। इस तरह से हमारे समाज में केवट समाज का अपूरणीय योगदान और महत्व है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में रामराज्य लाने का सपना देखा है और हम इस रास्ते पर काम कर रहे हैं। विदेशी आक्रांताओं ने जब हमारी सभ्यता संस्कृति और संस्कारों को कुचल कर रख दिया है, तो हमारे सामने सबसे पहला लक्ष्य इसे वापस लाने का है। उन्होंने कहा कि इस तरह का समारोह आयोजित कर केवट समाज की युवा पीढ़ी ने गुहा निषाद महाराज के बताएं रास्ते पर आगे चलने के संकल्प को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने देश को मजबूत बनाने, भ्रष्टाचारी तत्व और माफिया दातों से लड़ने के लिए देश में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आव्हान किया। सभी ने पुष्प उडाकर और एक दूसरे को पुष्प के टीके लगाकर जमकर होली खोली खेले और एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरिहा, जनपद पंचायत सभापति भुवनेश्वरी, पोषण वर्मा, संजय परगनिया, एनडी तिवारी, राम हृदय वर्मा, सेवाराम निषाद, आनंद यादव, राजीव देवांगन, संध्या परगनिहा, लता वर्मा, चंद्रकांत परगनिया, सुखनंदन निषाद, नरेंद्र, साक्षी, ज्ञान प्रसाद निषाद, प्रदीपवर, संतोष निषाद, रामावतार निषाद, राजू निषाद, दुर्गा प्रसाद निषाद, बलराम, तेवर, विश्राम निषाद आदि उपस्थित थे।



### महापुरुषों का सपना चकनाचूर कर दिया

सांसद विजय बघेल ने कहा है कि सोने की चिड़िया कहलाने वाले भारत को यहूदियों, मुगलों और अंग्रेजों ने लूटा। हमारे महापुरूषों ने कल्पना की थी कि आजादी मिलने के बाद भारत देश फिर से सोने की चिड़िया के रूप में स्थापित हो सकेगा, लेकिन आजादी मिलने के बाद यहां सत्ता जिन लोगों के हाथों में चली गई। उन लोगों ने भी सिर्फ देश को लूटने और भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम किया। आजादी के बाद देश की सत्ता संभालने वाले लोगों ने हमारे महापुरूषों का सपना चकनाचूर कर दिया। वहीं आगे उन्होने कहा कि जनता जनार्दन की कृपा से पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार चल रही है और हम देख रहे हैं कि इस दौरान पूरी दुनिया में भारत देश का कितना मान सम्मान बड़ा है। हम आर्थिक रूप से कितने समृद्ध हुए हैं।

### हालेकोसा में 19 से 25 अप्रैल के मध्य शिवपुराण कथ

## 19 अप्रैल से हालेकोसा में शिव महापुराण सुनाएंगे पं. प्रदीप मिश्रा, आठ एकड़ में पंडाल का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

छुरिया के समीप हालेकोसा गांव में आगामी 19 से 25 अप्रैल तक शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया गया है। सात दिवसीय इस आयोजन में पं. प्रदीप मिश्रा दोपहर एक से चार बजे तक कथा सुनाएंगे।

इसकी तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू हो गई है। गांव में जहां आठ एकड़ खेत में पंडाल का काम शुरू हो गया है। वहीं यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए कई इंतजाम भी किए जा रहे हैं। शिव महापुराण की कथा को लेकर आसपास के गांवों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। हालेकोसा गांव में शिव महापुराण कथा की तैयारियां शुरू हो गई है। यहां जमीन को समतल करने से लेकर पंडाल लगाए जाने का काम शुरू हो गया है। पिछले दिनों आयोजक दिनेश साहू और ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना कर तैयारियां शुरू कराई गई है। आठ एकड़ में पंडाल का काम चल रहा है। वहीं निस्तारी के लिए तालाब में पानी भरवाया जा रहा है। आयोजक का कहना है कि इस बार लाखों श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। सात दिन तक गांव में श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है। गर्मी को देखते हुए पंडाल में पंखे भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा पेयजल को लेकर भी व्यवस्थाएं की जा रही है।





### एक हजार वालंटियर्स रहेंगे तैनात

ऐन लोकसभा चुनाव के दौरान हो रहे इस आयोजन को लेकर आयोजकों ने भी काफी तगड़ी व्यवस्था करने की तैयारी की है। करीब एक हजार वालंटियर्स तैनात किए जाएंगे, जो पूरे आयोजन स्थल में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा आयोजन स्थल तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने के लिए ई-रिक्शे और मिनी बस का भी इंतजाम किया जा रहा है।

### दूसरी बार आएंगे पंडित मिश्रा

हालेकोसा निवासी दिनेश साहू द्वारा मार्च 2022 में गांव में शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में आसपास के राज्यों से भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए थे। पिछले कुछ माह पहले रायपुर में आयोजित कथा के समापन के बाद भी पंडित मिश्रा हालेकोसा गांव पहुंचे थे और दूसरी बार गांव में शिव महापुराण की कथा के आमंत्रण को स्वीकार किया था।

### पिछली बार से चार गुना पंडाल

हालेकोसा में पिछले दो साल पहले भी शिव महापुराण की कथा हुई थी। इस दौरान पं. प्रदीप मिश्रा से कथा सुनने के लिए यहां लाखों लोग आए थे। उस दौरान करीब दो एकड़ में पंडाल की व्यवस्था की गई थी, लेकिन इस बार भीड़ को देखते हुए आठ एकड़ खेत में पंडाल का काम शुरू कर दिया गया है।

## फिंगर प्रिंट को लेकर कार्यशाला

**भिलाई।** आईजी राम गोपाल गर्ग ने रेंज स्तरीयेक दिवसीय फिंगर प्रिंट प्रशिक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित किया था। इस दौरान फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ रायपुर संभाग राकेश नरवरे ने अपराध विवेचना में नवीन तकनीक इस्तेमाल के रूप में घटित अपराध में फिंगर प्रिंट की महत्ता के बारे में बताया है। इसके अलावा फिंगर प्रिंट पहचान से विवेचना अधिकारी को किसी भी अपराध में वांछित अपराधी के रिकार्ड की पड़ताल में काफी मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि शिनाख्त के उद्देश्य फिंगर प्रिंट लेते समय बरती जाने वाली सावधानियों और उसके रख-रखाव के तरीको को बारीकी से समझाना, नेफिस में लिये गये फिंगर प्रिंटों को एकजाई अपलोड करने को लेकर बताया है।

## खबर संक्षेप



### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का होली मिलन आज

**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 30 मार्च को शाम 6.30 बजे होली मिलन समारोह होगा। साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में समाज के लगभग 35 प्रतिभावान वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। होली मिलन समारोह में रंग, गुलाल, ठंडाई की उत्तम व्यवस्था समाज द्वारा की गई है। कार्यक्रम के दूसरे दिन 31 मार्च को सुबह 10 बजे से सर्व ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक-युवती, विधुर, विधवा, परित्यक्ता का एक भव्य परिचय सम्मेलन होगा। इस परिचय सम्मेलन में देश-प्रदेश से युवा पधार रहे हैं। साथ ही वैवाहिक पत्रिका 'आशीर्वाद' के 13वें संस्करण का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए गुरुवार को पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज के वरिष्ठजनों की आवश्यक बैठक हुई।

### आर्ट ऑफ लिविंग का चाइल्ड वर्कशॉप 31 को

**रायपुर।** श्रीश्री रविशंकर संस्था आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार की ओर से जन्म लिए बच्चे से लेकर 12 वर्ष उम्र के बच्चों के माता और पिताओं के लिए अपने बच्चे को अच्छी तरह से समझने के लिए केवायसी नो योर चाइल्ड वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 31 मार्च को शाम 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक जयस्तंभ स्थित निजी होटल में होगा। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक मुकेश निहाल इस विषय पर जानकारी देंगे। श्री निहाल काफी समय से छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा में इस विषय पर सतत कार्य कर रहे हैं। बच्चों के माता-पिता के लिए आज के परिवेश में तेजी से बढ़ते जनरेशन गैप और अपने बच्चों के मनोभाव समझने तथा उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक, अपने बच्चों के साथ माता-पिता कैसा बर्ताव रखें, इस बारे में इस वर्कशॉप में जानकारी दी जाएगी।

### विदाई समारोह में बच्चों ने पेश किया आकर्षक नृत्य



**रायपुर।** धरसींवा विकासखंड स्थित कांठाडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसी दौरान कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद शाला परिवार की ओर से और कक्षा चौथी के बच्चों ने पांचवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। साथ ही उपहार और पांचवीं के बच्चों द्वारा शाला को स्मृति चिन्ह भेंट किए। स्कूल के मध्यान्ह भोजन की रसोईया विमला साहू ने बच्चों को न्योता भोज में पूड़ी और जलेबी खिलाई। प्रधान पाठक मीरा श्रीवास ने बच्चों को मेहनत के साथ निरंतर आगे बढ़ने और अच्छा इंसान बनने की सीख दी। समारोह में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष रंजीत निषाद, उपाध्यक्ष रोहित यादव, मोनिका ध्रुव, हेमलता साहू, पुरुषोत्तम यादव उपस्थित थे।

**सलाह : लू से बचाव व उसके उपाय की डीएचओ डॉ. बसोड़ ने दी जानकारी**

# बहुत जरूरी काम हो तो ही घर से बाहर निकलें सिर और कान बांधकर रखें, खूब पानी पीते रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है। जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिलेवासियों से आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने की अपील की है। जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद अब तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है।

सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण शरीर का तापमान अनियंत्रित होकर अत्यधिक बढ़ जाता है, जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है, इस स्थिति को लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान में ग्रामीण शहरी क्षेत्रों में लोग घर से बाहर जाकर खेती, खरीदारी,आदि का कार्य कर रहे हैं। लोग अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थ लेकर नहीं जाते इस कारण निर्जलीकरण के शिकार भी हो जाते हैं। जिससे समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीज की हालात गंभीर हो जाती है।

### लू लगने पर तत्काल डाक्टर के पास जाएं: सीएमएचओ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा डॉ. एस आर चुरेंद्र ने बताया कि जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को लू से बचाव एवं उपचार हेतु पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां एवं ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित कर मरीजों का उपचार करने को कहा गया है। मैदानी स्वास्थ्य अमलों एवं मितानिनों के माध्यम से लू लगने के लक्षण, दिखाई देते ही चिकित्सक के पास जाकर मरीज को भर्ती कर उपचार कराना चाहिए। लू लगना या हीट-स्ट्रोक, खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है।

### लक्षण दिखाते ही अस्पताल जाएं और कराएं इलाज



### लू के प्रमुख लक्षण

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड़ ने बताया कि लू के लक्षण से सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना आदि लू के प्रमुख लक्षण हैं।

### अपने आप को रखें हाइड्रेटेड

डा. बसोड़ ने कहा कि लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीये भले ही प्यास न लगे, मिर्गी या हृदय, गुर्दे या लीवर से संभावित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो या जिनको द्रव्य प्रतिधारण की समस्या है। उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे- लस्सी, नींबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करने कहा गया। डॉ बसोड़ ने बताया कि अगर ओआरएस न हो तो घर पर ही एक गिलास पानी में एक चम्मच शक्कर व एक चुटकी नमक मिलाकर जीवन रक्षक घोल तैयार किया जा सकता है। गांव में मितानिनों या डिपो होल्डर के पास ओआरएस और दवाइयां लेकर प्राथमिक उपचार पश्चात निकट के स्वास्थ्य केन्द्र या अस्पताल जाएं।

### लू लगने पर करें प्रारंभिक उपचार

चिकित्सकों ने बताया कि बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएं, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि पीड़ित व्यक्ति पिलाएं। पीड़ित को पंखे के नीचे हवा में लिटाएं, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार के लिए ले जाएं। आंगनबाड़ी मितानिन तथा एएनएम से ओआरएस की पैकेट के लिए संपर्क करें।

### लू से बचाव के उपाय

इसके लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाएं। धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पीते रहें। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीयें। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह लें।

### लू-हीट स्ट्रोक हो सकता है जानलेवा : डॉ. साहू



**साजा।** अंचल में मौसम परिवर्तन के बाद अब तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है, इसके साथ ही लू की आशंका भी बढ़ने लगी है। तेज गर्मी व लू के दुष्प्रभाव से शरीर में विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे शरीर में पानी और खनिज तत्वों की कमी हो जाती है। इस स्थिति को लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है। लोग पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन नहीं करते और लू के शिकार हो जाते हैं। उक्त बातें शासकीय चिकित्सालय साजा के डॉ. पूर्णेन्द्र साहू ने बताते हुए कहा कि लू लगने पर सबसे पहले चिकित्सक को दिखाना चाहिए। लू लगना या हीट-स्ट्रोक खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है। वर्तमान में गर्मी बढ़ने लगी है और तेज धूप के साथ गर्म हवाओं का दौर भी शुरु हो गया है। ऐसे में जितना हो सके शरीर को ठंडा रखने का प्रयास करें और पानी पर्याप्त मात्रा में पीएं। बाहर निकलने पर कोशिश यह होनी चाहिए कि हम धूप से ज्यादा से ज्यादा बचें और संभव हो तो अपने साथ पानी की बोतल, ग्लूकोज या ओआरएस जरूर साथ रखें।

## बच्चों की अभिव्यक्ति, लेखन कौशल का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- खैरी स्कूल में हुआ अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन



शासकीय प्राथमिक शाला खैरी में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा–पहली एवं दूसरी के बच्चों एवं उनकी माताओं ने अपनी सहभागिता दी। बच्चों एवं माताओं के बीच कई गतिविधियां कराई गई। इसमें विषय–हिंदी पर आधारित भाषायी गतिविधि रिंग फंसाओं नाम बताओ कराया गया। खेल की इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों द्वारा जीते गए वस्तुओं का नाम बताना, उसे लिख पाना, बच्चों के अभिव्यक्ति कौशल का विकास एवं लेखन कौशल का विकास होगा। माताएं अपने बच्चों की मदद करेंगी। इसी प्रकार गणित विषय पर आधारित गतिविधि गोटा संग गणित इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में खेल–खेल के माध्यम से एक से पचास तक की संख्याओं का जोड़ व पहाड़े की अवधारणा का समझ विकसित करना है। प्रधान पाठक पवन दास जोशी द्वारा सभी माताओं को दैनिक जीवन से जुड़ी वस्तुओं का उपयोग करते हुए पढ़ाने के लिए कहा गया एवं सभी माताओं को पेन एवं बिस्किट का पैकेट बांटा गया। अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंद्रावती यादव, सहायिका यमुना दिवाकर एवं हमारे नन्हे–मुन्हे बच्चों की माताएं तीजन, गुलाबा, जानकी, दुर्गा, लता, एएमसी सदस्य और बहुत अधिक संख्या में माताएं उपस्थित थी।

### गणित हल करते हुए भी मस्तिष्क से निकलती थी मात्र डेल्टा तरंगें

**रायपुर।** दादी जानकी की चौथी पुण्यतिथि पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने शांति सरोवर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया। इसमें पूर्व मुख्य प्रशासिका के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसमें रायपुर की संचालिका सविता दीदी सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद थे। उनके बीच सविता दीदी ने कहा कि वे ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक सदस्यों में एक थीं। दादीजी विश्व के उन दस बुद्धीजिवियों में शुमार थीं, जिन्हें 1992 में रियो-डि-जेनरियो में संपन्न प्रथम पृथ्वी महासम्मेलन में विश्व के प्रमुख नेताओं का मार्गदर्शन करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने मनोनीत किया था।

## प्रधान पाठक ने बच्चों को दिया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला/कोदवा

विकासखण्ड बेरला के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक देवरबीजा में न्योता भोज एवं कक्षा आठवीं के बच्चों का विदाई समारोह रखा गया। जिसमें संस्था के प्रधान पाठक उत्तम कुमार साहू द्वारा सभी बच्चों के लिए खीर, पुड़ी, हलवा, पनीर की सब्जी, इत्यादि की व्यवस्था करते हुए न्योता भोज का आयोजन किया। मुख्य रूप से शासकीय महाविद्यालय देवरबीजा से प्रोफेसर श्री साहू ने बच्चों को विदाई समारोह के बारे में बताते हुए कहा गया कि विद्यार्थी जीवन ही ऐसा जीवन होता है जिसमें हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में संस्था की भूतपूर्व प्रधान पाठिका सरिता शर्मा, हठीले, मधुबाला वर्मा शिक्षिका, यादव, सेजल देवांगन स्वयंसेवी शिक्षिका, कांता ठाकुर, तूफान, सफाई कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

**कलेक्टर से शिकायत के बाद सुधारा गया**

## 480 वर्गफीट भूमि का टैक्स पटा रहे, पट्टे में कर दिए 180 वर्गफीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



फाइल फोटो

- कांग्रेस शासनकाल में रानी दुर्गावती वार्ड के सतनाम नगर पुरेना में बांटा गया था पट्टा

कांग्रेस के शासनकाल में बंटे जमीन का पट्टा वितरण में कई गलतियां की गई हैं, जिसके कारण पट्टा मिलने के बाद भी गरीब लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

राजधानी रायपुर के रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक 50 के सतनाम नगर पुरेना में कई वर्षों से रहने वाले गरीब लोगों को पट्टा वितरण किया गया। इन पट्टों में कई लोगों की जमीन में ही कटौती कर दी गई। पट्टे में 300 वर्गफीट कम जमीन दर्शा दी गई। पट्टा मिलने के बाद लोगों ने जब इसकी इसकी शिकायत नगर निगम और तहसील कार्यालय में की, इसके बाद भी जब उनके पट्टे में सुधार नहीं हुआ, तो इसकी शिकायत कलेक्टर जनचौपाल में की गई। इस मामले में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए, जिसके बाद शिकायतकर्ताओं के पट्टों को सुधारा गया।

### 480 वर्गफीट की जमीन को पट्टे में 180 वर्गफीट दर्शा दिया

कलेक्टर जनचौपाल में की गई शिकायत में लोगों ने बताया था कि कांग्रेस शासनकाल में उन्हें जमीन का पट्टा वितरण किया गया था। उनकी जमीन 480 वर्गफुट है, जिसका वे टैक्स भी अदा करते हैं। टैक्स अदा करने से पहले उनकी जमीन का सर्वे भी हुआ था। इसके बावजूद पट्टा में 480 की जगह 180 वर्गफीट जमीन दर्शा दी है।

### इन लोगों ने की थी शिकायत

ज्योति फुंडे, शुभम फुंडे, शंकर शंभू फुंडे ने 4 मार्च 24 को पट्टे में जमीन कम दर्शाने की शिकायत की थी। इन सभी को मिले पट्टे अब सुधार लिए गए हैं। शंकरशंभू फुंडे ने बताया कि कलेक्टर से शिकायत करने के बाद उनके पट्टों को सुधारा गया है।

- दो वर्ष पूर्व चिंपाजी, जेब्रा, रिंग टेल लेमुर, पिगटेल मंकी, मीर कैट लाने बनाई थी योजना

## अन्य राज्यों के जू से जंगल सफारी के एनिमल करेंगे एक्सचेंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जंगल सफारी में नए प्रजाति के वन्यजीवों को लाने पिछले दो वर्ष से कवायद की जा रही है। सफारी में देश के साथ विदेशी प्रजाति के वन्यजीवों को लाने कई तरह के प्रयास किए गए। कुछ नई प्रजाति के वन्यजीवों को लाने में सफल रहे, तो कुछ और नई प्रजाति के वन्यजीव लाने योजना बनाई गई, लेकिन योजना केवल फाइलों में दबकर रह गई। सफारी प्रबंधन पुरानी योजनाओं को अमल में लाने नए सिरे से योजना बनाने की बात कह रहा है।

गौरतलब है, लोगों को आकर्षित करने जंगल सफारी में चिंपाजी, जेब्रा, रिंग टेल लेमुर, पिग टेल मंकी के साथ मीर कैट जैसे वन्यजीवों को लाने योजना बनाई गई थी। इसके लिए जंगल सफारी में रह रहे एनिमल के साथ अदला-बदली करने की योजना थी। सफारी प्रबंधन ने देश के अलग-अलग राज्यों के जू प्रबंधन से बात भी की, लेकिन उनके बीच एनिमल अदला-बदली को लेकर सहमति नहीं बन पाई। इसके कारण वन्यजीवों की अदला-बदली करने की योजना फाइलों में दबकर रह गई।

### नए मास्टर प्लान को मिल चुकी है अनुमति




- वर्तमान में जंगल सफारी में बर्ड, स्नैक सहित 44 बाड़े बनकर तैयार

जंगल सफारी को विश्वस्तरीय बनाने दो वर्ष पूर्व नया मास्टर प्लान तैयार किया गया था, जिसे वन मुख्यालय के साथ सीजेडए से अनुमति मिल चुकी है। इसमें सफारी में बाड़ों के निर्माण के साथ वन्यजीवों को रखने तथा उनकी देखरेख की व्यवस्था के साथ पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराना शामिल है। नए मास्टर प्लान के मुताबिक सफारी में स्नेक, बर्ड सहित 44 बाड़ा बनकर तैयार हैं। इन बाड़ों में वर्तमान में सात सौ से ज्यादा वन्यजीव रह रहे हैं।

### वन्यजीवों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग

जंगल सफारी में हाल के दिनों में बारहसिंगा सहित कई अन्य प्रजाति के वन्यजीवों की संक्रमण के चलते मौत की घटना के बाद सफारी प्रबंधन ने जिम्मेदारी तय करते हुए वन्यजीवों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही किसी वन्यजीव के बीमार होने की स्थिति में उनकी बीमारी के बारे में लिखित में जानकारी देने के साथ बीमार वन्यजीव के उपचार के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं, इस संबंध में जानकारी देने जंगल सफारी के डायरेक्टर ने निर्देश दिए हैं।

### नए सिरे से विचार किया जा रहा

पूर्व में वन्यजीव लाने कार्योजना बनाई गई थी, लेकिन एनिमल नहीं ला पाए थे। उस पर नए सिरे से विचार किया जा रहा है। एनिमल एक्सचेंज करने देश के अलग-अलग राज्यों के जू प्रबंधन से बात की जाएगी। इसके साथ ही सफारी में वन्यजीवों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ बीमार होने की स्थिति में वन्यजीव को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

- **धम्मशील गणवीर**, डायरेक्टर, जंगल सफारी

### राजीव नगर देवरबीजा स्कूल में न्यौता भोज



**बेमेतरा।** नवीन शासकीय प्राथमिक शाला राजीव नगर देवरबीजा में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत संतोष साहू द्वारा शाला में न्यौता भोज समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों को चावल दाल, सब्जी,खीर ,पुड़ी दी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक व संकुल समन्वयक भगवान सिंह राजपूत व स्कूल के शिक्षिका संगीता साहू, मोहलता वर्मा उपस्थित रहे।







